प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 18.06.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः—**

1— केंद्र सरकार, ग्रामीण क्षेत्रों में अट्ठारह हजार नौ सौ करोड़ रूपए की लागत से छब्बीस हजार किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण करेगी।

2— लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर में आयोजित आचार्य पदारोहण और सहस्त्रावधान तपस्या महोत्सव में हुए शामिल।

3— युवाओं और आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने प्रदेशभर में नशा मुक्त भारत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

और

4— सक्ती पुलिस ने एक करोड़ पैंतालीस लाख रूपये कीमत के गांजे के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**<u>केन्द्र—सड़क निर्माण</u>**

केंद्र सरकार वित्त वर्ष दो हजार छब्बीस—सत्ताईस में ग्रामीण क्षेत्रों में छब्बीस हजार किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण करेगी। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और संबंधित ग्रामीण संपर्क पहलों के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण के लिए अट्ठारह हजार नौ सौ करोड़ रूपए से अधिक आवंटित किए गए हैं।

ग्रामीण सड़क संपर्क परियोजनाओं की प्रगति का आंकलन करने के लिए ग्रामीण विकास विभाग के सचिव रोहित कंसल की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ सहित आंध्रप्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और अन्य राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान राज्यों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और पीएम—जनमन के अंतर्गत लंबित परियोजनाओं पर तेजी से काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

## आचार्य पदारोहण

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित आचार्य पदारोहण और सहस्त्रावधान तपस्या महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि भगवान महावीर और जैन दर्शन के सिद्धांत आज भी मानवता को शांति, आत्मसंयम, करुणा और अहिंसा का मार्ग दिखाते हैं।

वहीं, मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पावन धरती पर पहली बार आयोजित हो रहा आचार्य पदारोहण महोत्सव प्रदेश के लिए गौरव और सौभाग्य का विषय है।

इस कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह और केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू भी शामिल हुए।

## दल्लीराजहरा–रावघाट रेल परियोजना

दल्लीराजहरा–रावघाट रेल परियोजना के तहत कल सत्रह जून को रावघाट रेलखंड पर नियंत्रित गति और सीमित भार के साथ तकनीकी ट्रायल शुरू किया गया। यह ट्रायल विभिन्न चरणों में आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान रेललाइन की परिचालन क्षमता, संरचनात्मक सुरक्षा तथा तकनीकी मानकों का परीक्षण किया जाएगा। करीब पंचानवे किलोमीटर लंबी दल्लीराजहरा–रावघाट रेल परियोजना को सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र और भारतीय रेलवे के साझा प्रयासों से विकसित किया जा रहा है। वर्तमान में रावघाट स्टेशन भवन, यात्री सुविधाओं तथा सिग्नलिंग और दूरसंचार से जुड़े कार्यों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस वर्ष जुलाई के अंत तक स्टेशन परिसर के शेष कार्य पूरे होने की संभावना है। रावघाट तक रेल संपर्क स्थापित होने से बस्तर के दूरस्थ क्षेत्रों की पहुंच राज्य और देश के प्रमुख शहरों तक और अधिक सुगम हो जाएगी।

## नशा मुक्त भारत सप्ताह

युवाओं और आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए छत्तीसगढ़ समाज कल्याण विभाग द्वारा कल सत्रह जून से प्रदेशभर में नशा मुक्त भारत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग की प्रमुख सचिव शहला निगार ने मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि इस वर्ष "नशा मुक्त भारत अभियान – विकसित भारत की पहचान" थीम पर सप्ताहभर विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। छब्बीस जून तक चलने वाले नशा मुक्त भारत सप्ताह के दौरान स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में सेमिनार, समूह चर्चा, शपथ ग्रहण, जागरूकता रैलियां तथा संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं, स्वास्थ्य विभाग द्वारा नशा छोड़ चुके व्यक्तियों की प्रेरणादायक सफलता की कहानियों का प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। इसके अलावा महिला और बाल विकास विभाग तथा पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मानव श्रृंखला, शपथ कार्यक्रम और जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

## शराब व्यसन मुक्ति अभियान

समाज कल्याण विभाग की प्रमुख सचिव शहला निगार की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में छत्तीसगढ़ शराब व्यसन मुक्ति अभियान के लिए गठित राज्य स्तरीय समिति की बैठक हुई। बैठक में राज्य के प्रत्येक विकासखंड की एक हजार से अधिक जनसंख्या वाली नई ग्राम पंचायतों में भारत माता वाहिनी के गठन और विस्तार संबंधी प्रस्तावों पर विचार–विमर्श किया गया। समिति ने नशापीड़ित व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए संचालित पंद्रह बिस्तरों वाले एकीकृत पुनर्वास केन्द्रों की क्षमता पंद्रह से बढ़ाकर पचास बिस्तर करने का सुझाव दिया। साथ ही पांच

जिलों – मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़–छुईखदान–गंडई, सुकमा, बेमेतरा और कोरबा में नये नशामुक्ति केन्द्र खोलने का निर्णय लिया गया।

## पीएम सेतु योजना

पीएम सेतु योजना के तहत प्रदेष के शासकीय औद्योगिक प्रषिक्षण संस्थानों–आईटीआई को आधुनिक और उद्योग–अनुकूल बनाया जा रहा है। योजना के तहत छात्रों को आर्टिफिषियल इंटेलिजेंस–एआई और ड्रोन जैसी नई तकनीकों का प्रषिक्षण दिया जाएगा। साथ ही पुरानी मषीनों के स्थान पर आधुनिक उपकरण, डिजिटल कंटेंट और स्मार्ट क्लासरूम की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्य सचिव विकासषील की अध्यक्षता में मंत्रालय में आयोजित राज्य स्तरीय स्टीयरिंग समिति की बैठक में पीएम सेतु योजना की प्रगति की समीक्षा की गई।

## कोरिया–हत्याकांड

कोरिया जिले की कलेक्टर रोक्तिमा यादव ने एक आदेष जारी कर महलपारा बैकुंठपुर, नौगई के साथ भाजपा नेता भरत सिंह गहरवार के कटगोड़ी स्थित क्रेषर प्लांट एरिया के तीन सौ मीटर दायरे में धारा – एक सौ तिरसठ लागू कर दी है। जारी आदेष के अनुसार किसी भी प्रकार के हथियार और विस्फोटक सामग्री पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा इन क्षेत्रों में जुलूस, धरना–प्रदर्षन और आमसभा पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिला दंडाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश उन शासकीय अधिकारियों–कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें अपने शासकीय दायित्वों के निर्वहन के लिए लाठी अथवा शस्त्र रखने की आवश्यकता होती है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को इन संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के निर्देश दिए गए हैं।

गौरतलब है कि कोरिया जिले के कटगोड़ी गांव में भाजपा नेता सहित तीन लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

**गांजा–बरामद**

सक्ती जिले की फगुरम चौकी पुलिस ने आज दो क्विंटल से अधिक गांजे के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब एक करोड़ पैंतालीस लाख रूपये बताई जा रही है।

जिले के पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकेबंदी कर वाहनों की जांच की। इस दौरान
पुलिस ने ओडिशा से राजस्थान ले जाए जा रहे गांजे को एक ट्रेलर से बरामद किया। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**एसीबी–कार्रवाई**

एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने कल प्रदेष के तीन अलग–अलग जिलों में दबिश देकर भ्रष्टाचार के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने कल भिलाई नगर निगम से सेवानिवृत्त चीफ इंजीनियर को भ्रष्टाचार के एक मामले में हिरासत में लिया।

इसके अलावा धमतरी में विद्युत यांत्रिकी विभाग में पदस्थ प्रोग्रेसमेंन को एक लाख रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

वहीं, एसीबी ने जशपुर नगर में आर.ई.एस. विभाग के एसडीओ को भी पच्चीस हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

**विशेष भेंटवार्ता**

आकाशवाणी रायपुर के प्रादेशिक समाचार एकांश द्वारा उन्नीस शासकीय भर्ती परीक्षाएं पास कर अनोखा रिकॉर्ड बनाने वाली चारु पांडे से लिए गए साक्षात्कार का प्रसारण आज रात आठ बजकर पंद्रह मिनट पर किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे।

**रानी लक्ष्मी बाई–बलिदान दिवस**

वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई के बलिदान दिवस पर राज्यपाल रमेन डेका ने आज लोकभवन में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित लोकभवन के अन्य अधिकारियों–कर्मचारियों ने भी रानी लक्ष्मीबाई को श्रद्धांजलि दी।

**मुख्यमंत्री–गरियाबंद**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल गरियाबंद जिले को छह सौ तीन करोड़ छियालीस लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी। पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने छिहत्तर विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन और षिलान्यास किया। इनमें सड़क, सिंचाई, स्वास्थ्य, षिक्षा, पेयजल और विद्युत से जुड़े कार्य शामिल हैं।

**सुपोषण वृक्ष मुनगा**

प्रदेश में कुपोषण की समस्या को दूर करने के लिए महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने ''सुपोषण वृक्ष – मुनगा'' के रोपण को जनआंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया है। श्रीमती राजवाड़े ने सभी जनप्रतिनिधियों से वर्षा ऋतु के दौरान जल स्रोतों के आसपास, ग्राम पंचायत परिसरों, सार्वजनिक स्थलों

तथा हितग्राहियों के घरों में मुनगा के पौधे लगाने का आग्रह किया है। उन्होंने सभी नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाकर ''सुपोषित छत्तीसगढ़'' के निर्माण में योगदान देने की अपील की है।

**अरूण साव–लोरमी**

लोरमी में आयोजित महाराणा प्रताप जयंती समारोह में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की अमर मिसाल है। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र और समाज के लिए कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर श्री साव ने लोरमी में वीर महाराणा प्रताप की अष्टधातु प्रतिमा निर्माण के लिए बीस लाख रुपये देने की घोषणा की।

**संक्षिप्त समाचार**

**और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...**

1 मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आगामी तेईस जून को नवा रायपुर अटल नगर स्थित मंत्रालय में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी।

2 जांजगीर–चांपा जिले के कोड़ाभाट गांव में तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

और

3 जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोंडागांव द्वारा कल उन्नीस जून को कलेक्टोरेट परिसर में सुबह ग्यारह बजे से दोपहर तीन बजे तक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>